उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार हेतु डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर ।

प्रश्न संख्या	प्रश्न	उत्तर
4	(क) क्या होमगार्ड्स मंत्री बतायेंगे कि होमगार्ड्स विभाग रायबरेली में कार्यरत कार्मिकों के निधन के उपरान्त उनके आश्रितों को मृतक आश्रित कोटे के अन्तर्गत अनुकम्पा नियुक्ति दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 06 नवम्बर, 2024 जो कि प्रमुख सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?	यह कार्मिक के निधन के उपरान्त उनके आश्रित को मृतक आश्रित कोटे के अन्तर्गत अनुकम्पा नियुक्ति दिलाए जाने का प्रकरण नहीं है, अपितु स्थायी रूप से दिव्यांग/अपंग होमगार्ड्स के आश्रित को होमगार्ड्स स्वयंसेवक के अवैतनिक पद पर सेवायोजित किए जाने का प्रकरण है। जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्ड्स, रायबरेली के पत्र दिनांक: 15-01-2025 के साथ आवेदिका कु0 रीता देवी के पिता श्री इन्द्रसेन, होमगार्ड जनपद रायबरेली के स्थायी रूप से दिव्यांगता से सम्बन्धित प्रकरण, जिसमें आवेदिका के भाई श्री सत्येन्द्र कुमार को होमगार्ड्स स्वयंसेवक के पद पर सेवायोजित करने का अनुरोध किया गया है, होमगार्ड्स मुख्यालय पर प्राप्त हुआ है।
	(ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र के माध्यम से किये गये अनुरोध पर कार्यवाही पूर्ण करा दी गयी है ?	स्थायी रूप से दिव्यांग होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के प्रकरणों का परीक्षण कराए जाने के दृष्टिगत शासनादेश संख्या-51/2024/2526/ 95-1099/37/ 2021, दिनांक: 03 दिसम्बर, 2024 द्वारा नवीन प्रक्रिया का निर्धारण करते हुए प्राविधान किया गया है कि महासमादेष्टा, होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्तर के अधिकारी सदस्य रहेंगे। होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के सेवाकाल में स्थायी दिव्यांग होने की स्थिति में सम्बन्धित जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी की समिति की संस्तुति संबंधित जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्ड्स, महासमादेष्टा, होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश को भेजेंगे तथा उक्त प्रस्ताव पर समस्त तथ्यों का परीक्षण कर संज्ञान लेते हुए महासमादेष्टा, होमगार्ड्स द्वारा गठित उक्त

	समिति विचार करके आश्रित की नियुक्ति के सम्बन्ध में अपनी संस्तुति करेगी। समिति की संस्तुति के उपरान्त ही आश्रित की भर्ती, नियुक्त प्राधिकारी द्वारा की जायेगी। जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्ड्स, रायबरेली के पत्र संख्या-37/हो0गा0-आश्रित पत्रा0/2019 दिनांक 15-01-2025 के माध्यम से होमगार्ड श्री इन्द्रसेन, रे0नं0-6084020687, कम्पनी-जगतपुर, जनपद रायबरेली का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। शीघ्र ही श्री इन्द्रसेन के प्रकरण को निर्धारित समिति के समक्ष परीक्षण हेतु प्रस्तुत करते हुए निर्णीत करा लिया जाएगा।
(ग) यदि नहीं, तो क्यों और कब तक उक्त अनुरोध को पूर्ण करा दिया जायेगा ?	उपरोक्तानुसार।
(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?	उपरोक्तानुसार।

धर्मवीर प्रजापति
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)